प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 26

कक्षा–10 परीक्षा 2026–27

हिन्दी–अ (कोड–002)

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं– क, ख, ग, घ।

(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्नपत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

खंड–क (अपठित बोध) 14

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

भारत और चीन के संबंधों का एक लंबा और जटिल इतिहास रहा है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक संबंध सदियों पुराने हैं। भारत और चीन एशिया की दो प्रमुख ताकतें हैं, और उनके बीच अच्छे संबंधों का होना न केवल क्षेत्रीय, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, दोनों देशों के बीच सीमाओं को लेकर समय–समय पर तनाव और विवाद उभरते रहे हैं, जिससे उनके संबंधों में उतार–चढ़ाव आए हैं। भारत और चीन के बीच 1962 का युद्ध एक महत्वपूर्ण घटना रही, जिसने दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित किया। इसके बाद भी कई बार सीमा विवाद ने उनके रिश्तों में खटास पैदा की है, विशेष रूप से डोकलाम विवाद और 2020 में गलवान घाटी की घटना ने स्थिति को और जटिल बना दिया।

हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद, दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत बने हुए हैं। चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, और दोनों देशों के बीच तकनीकी, औद्योगिक, और आर्थिक सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत और चीन ने कई वैश्विक मंचों पर भी एक साथ काम किया है, जैसे ब्रिक्स (BRICS), विश्व व्यापार संगठन (WTO), और शंघाई सहयोग संगठन (SCO)। दोनों देशों के नेतृत्व ने आपसी संवाद के माध्यम से अपने मतभेदों को सुलझाने और शांति बनाए रखने के लिए कदम उठाए हैं।

भविष्य में, दोनों देशों के बीच संबंधों को संतुलित और मजबूत बनाने के लिए कूटनीति, संवाद, और सहयोग महत्वपूर्ण होंगे। सीमाई विवादों के बावजूद, दोनों देशों के पास आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के व्यापक अवसर हैं, जो आपसी संबंधों को और बेहतर कर सकते हैं।

(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) : भारत और चीन के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत हैं।

कारण (R) : चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) भारत–चीन संबंधों के मुख्य पहलू कौन–कौन से हैं–
कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए:
I. सीमाई विवाद
II. व्यापारिक संबंध
III. सांस्कृतिक संबंध
IV. युद्ध का समर्थन
विकल्प–
i. कथन I और IV सही हैं।
ii. कथन I, II और III सही हैं।
iii. केवल कथन II सही है।
iv. कथन I, II, III और IV सही हैं।

(ग) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए:

	कॉलम 1		**कॉलम 2**
I	भारत–चीन सीमा विवाद	1.	गलवान घाटी की घटना
II	व्यापारिक सहयोग	2.	भारत और चीन के बीच आर्थिक संबंध
III	वैश्विक मंच पर सहयोग	3.	ब्रिक्स और SCO के माध्यम से

i. I (1), II (2), III (3)
ii. I (2), II (1), III (3)
iii. I (3), II (1), III (2)
iv. I (1), II (3), III (2)

(घ) भारत–चीन व्यापारिक संबंधों का क्या महत्त्व है?

(ङ) सीमाई विवादों के बावजूद, भारत और चीन किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं?

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

जीवन की राह में,
हर मोड़ पर नई चुनौतियाँ मिलती हैं,
पर यह चुनौतियाँ हमें आगे बढ़ने का
साहस और संकल्प देती हैं।
कभी फूलों की राह होती है,
तो कभी काँटों भरी यात्रा।
जीवन की हर कठिनाई,
हमें नए सबक सिखाती है,
और हर अनुभव से हम मजबूत बनते हैं।
जीवन का प्रवाह कभी नहीं रुकता,

यह निरंतर चलता रहता है।
सुख–दुख की यह यात्रा,
हमारी सबसे बड़ी सीख बन जाती है।
जीवन का हर क्षण,
एक नया अनुभव और
एक नई दिशा का प्रतीक है।
जीवन की इस अनंत धारा में,
हर कोई संघर्ष करता है,
लेकिन उम्मीद की किरणें
हमें सशक्त बनाकर आगे बढ़ाती हैं।

–सुमित्रानंदन पंत

(क) इस काव्यांश में किस बात को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है?
i. कठिनाइयाँ
ii. उम्मीद
iii. अनुभव
iv. प्रवाह

(ख) इस काव्यांश में जीवन के किन पहलुओं का वर्णन किया गया है?
उचित विकल्प का चयन कीजिए:
I. जीवन हमें निरंतर आगे बढ़ाता है।
II. जीवन के अनुभव हमें मजबूत बनाते हैं।
III. सुख और दुख हमें एक ही राह दिखाते हैं।
IV. हर क्षण हमें नई दिशा दिखाता है।
विकल्प:
i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I, II और IV सही हैं।
iii. कथन II और IV सही हैं।
iv. कथन I, II, III और IV सही हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
कथन (A) : जीवन की राह में हमें कठिनाइयाँ नहीं मिलतीं।
कारण (R) : जीवन में कठिनाइयाँ हमें केवल सीख देती हैं।
i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) इस काव्यांश में कवि ने जीवन की यात्रा को किस प्रकार से प्रस्तुत किया है?

(ङ) जीवन की कठिनाइयाँ हमें किस प्रकार सशक्त बनाती हैं?

खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) पेट भरा और तन ढँका होने पर भी ऐसा मानव जो वास्तव में संस्कृत है, निठल्ला नहीं बैठ सकता। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) बालगोबिन भगत हर वर्ष गंगा–स्नान के लिए जाकर संत–समागम में भाग लेते थे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) जब पिताजी का आर्थिक झटका लगा, तब उनका स्वभाव बदल गया। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

(घ) हालदार साहब को उधर से गुजरते समय मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ङ) रसूलन और बतूलन जब गाती हैं तब अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) हालदार साहब ने चश्मेवाले की देशभक्ति का सम्मान किया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) जयशंकर प्रसाद द्वारा स्वंफदगुप्त नाटक का लेखन किया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) सिद्धार्थ ने मानवता की भलाई के लिए अपना घर छोड़ा। (भाववाच्य में बदलिए)

(घ) संगीत की सूक्ष्म समझ से कविता को गति दी गई। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)

(ङ) जब क्रिया द्विकर्मक होती है, तो कर्मवाच्य बनाते समय क्रिया के लिंग, वचन, पुरुष किसके अनुसार लिखे जाते हैं?

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) शाबाश! तुमने बहुत अच्छा काम किया।

(ख) बालगोबिन भगत मँझोले कद के गोरे–चिट्टे आदमी थे।

(ग) काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है।

(घ) बहस करना पिताजी का प्रिय शगल था।

(ङ) यह है खानदानी तहज़ीब, नफ़ासत और नज़ाकत!

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) अरे खिलखिला कर हँसते होने वाली उन बातों की।

(ख) बाल कल्पना के–से पाले।

(ग) नायिका के चरणों की समानता प्राप्त करने के लिए कमल जल में तप रहा है।

(घ) हैं मसे भीगती गेहूँ की तरुणाई फूटी आती है।

(ङ) चाहति हुतीं गुहारि जितेह तैं, उत तैं धार बही।

खंड–ग 30

(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

1. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– $5 \times 1 = 5$

खेती बारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे– साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्ही के गीतों को गाते, उन्ही के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखा झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी–कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगो को कुतूहल होता। कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते। वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उस साहब के दरबार में ले जाते– जो उनके घर से चार कोस दूरी पर था– एक कबीरपंथी मठ से मतलब! वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते।

(क) बालगोबिन भगत किसे 'साहब' मानते थे?
कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–
I. कबीर
II. गुरु नानक
III. तुलसीदास
IV. संत रैदास
विकल्पः
i. केवल कथन I सही है।
ii. कथन I और II सही हैं।
iii. कथन II और III सही हैं।
iv. केवल कथन IV सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिएः
कथन (A) : बालगोबिन भगत कभी झूठ नहीं बोलते थे।
कारण (R) : बालगोबिन भगत खरा व्यवहार रखते थे और कबीर के आदेशों पर चलते थे।
विकल्पः
i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) बालगोबिन भगत का खेती में उपजाया हुआ सामान कहाँ ले जाया जाता था?
i. बाजार में बेचने के लिए
ii. साहब के दरबार में भेंट के रूप में
iii. अपने गुरु के आश्रम में
iv. अपने परिवार के लिए घर

(घ) बालगोबिन भगत की किस आदत से लोगों को कुतूहल होता था?

i. वह कभी झूठ नहीं बोलते थे।
ii. वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते थे।
iii. वह बिना पूछे किसी की चीज़ नहीं छूते थे।
iv. वह हर चीज़ साहब को भेंट करते थे।

(ङ) इस गद्यांश का मुख्य भाव क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए–

I. बालगोबिन भगत का साधु जीवन और उनके नियम
II. बालगोबिन भगत की धार्मिक आस्था
III. बालगोबिन भगत का गृहस्थ जीवन
IV. बालगोबिन भगत की समाज में मान्यता

विकल्पः

i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन II और III सही हैं।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन I और IV सही हैं।

8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लग. भग 25–30 शब्दों में लिखिए– $3 \times 2 = 6$

(क) अमीरुद्दीन के मामाओं की प्रसिद्धि का क्या कारण था?

(ख) यदि हालदार साहब को कैप्टन की मृत्यु के पश्चात् मूर्ति पर चश्मा लगा नहीं मिलता, तो उनके मन में किस प्रकार का भाव आता ? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) लेखक ने मुँह में पानी आने पर भी खीरा खाने से इंकार क्यों किया?

(घ) भारत में संस्कृति का कितने तरह का बँटवारा मौजूद है?

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– $5 \times 1 = 5$

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद–नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस–निसि, कान्ह–कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी।

(क) 'हमारैं हरि हारिल की लकरी' पंक्ति में कवि किस भावना की ओर संकेत कर रहा है?

i. हरि के प्रति गहरे प्रेम की ओर
ii. हरि के प्रति उदासीनता की ओर
iii. हरि के समर्पण की ओर
iv. हरि के बिछड़ने की पीड़ा की ओर

(ख) 'जागत सोवत स्वप्न दिवस–निसि, कान्ह–कान्ह जक री' पंक्ति में कवि की कौन सी स्थिति प्रकट हो रही है?

I. कान्हा के प्रेम में डूबना
II. कान्हा के बिना जीवन कठिन होना
III. कान्हा के प्रति तीव्र भक्ति
IV. कान्हा के प्रति मोहभंग

विकल्पः

i. कथन I सही है।
ii. कथन II सही है।
iii. कथन I और III सही हैं।
iv. कथन I और IV सही हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिएः

कथन (A) : कवि का हृदय हरि के प्रेम से चंचल हो गया है।
कारण (R) : कवि हरि के बिना चैन से नहीं रह पाता है और उसका मन अशांत हो जाता है।

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए' पंक्ति में कवि किस कष्ट की ओर संकेत कर रहा है?

i. शारीरिक पीड़ा
ii. मानसिक व्यथा
iii. प्रेम की पीड़ा
iv. आध्यात्मिक पीड़ा

(ङ) 'जिनके मन चकरी' पंक्ति में 'चकरी' किसका प्रतीक है?

I. चंचल मन का
II. स्थिर मन का
III. विवेकहीन मन का
IV. अस्थिर और उथले मन का

विकल्पः

i. कथन I सही है।
ii. कथन I और II सही हैं।
iii. कथन II और III सही हैं।
iv. कथन I और IV सही हैं।

10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– $3 \times 2 = 6$

(क) 'छोटे से जीवन की बड़ी कथाएँ' किस तथ्य की ओर संकेत करती हैं? 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएँ बताई हैं? 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' के आधार पर बताइए।

(ग) सरगम को लाँघने का आशय 'संगतकाकर' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) कृष्ण भक्ति का महत्त्व बताने के लिए किन–किन प्रतीकों का प्रयोग किया गया है?

11. पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए– $2 \times 4 = 8$

(क) माता का अँचल' नामक पाठ में लेखक के तत्कालीन समाज के पारिवारिक परिवेश का जो चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) पहाड़ी बच्चों और महानगरीय बच्चों की जीवन–शैली में आपको क्या भिन्नता दिखाई देती है? 'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) वर्तमान समय में विज्ञान का दुरुपयोग दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसके कारण बहुत–सी समस्याओं ने जन्म ले लिया है। 'मैं क्यों लिखता हूँ?' पाठ के आधार पर इन समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

खंड–घ (रचनात्मक लेखन) 20

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए– $1 \times 6 = 6$

(क) एकता की शक्ति

संकेत बिंदु :

- एकता का अर्थ
- एकता से लाभ
- एकता की शक्ति के उदाहरण
- एकता की कमी से होने वाली हानियाँ

(ख) समय का सदुपयोग

संकेत बिंदु :

- समय का महत्त्व
- समय के सदुपयोग से जीवन में सफलता
- इसके लाभ
- संकल्प

(ग) नोटबंदी : राष्ट्रहित की ओर एक बड़ा कदम

संकेत बिंदु :

- नोटबंदी की घोषणा
- राष्ट्रहित के लिए देश की जनता का जबरदस्त समर्थन
- कालेधन पर पैना वार

13. (क) अपने क्षेत्र में बढ़ती चोरी और झपटमारी की घटनाओं के बारे में बताते हुए 'जनसत्ता' दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

(ख) आपके मित्र को डकैतों का बहादुरी से सामना करने के लिए राष्ट्रपति द्वारा 'वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। आप उसकी बहादुरी की प्रशंसा करते हुए उसे लगभग 100 शब्दों में बधाई पत्र लिखिए।

14. (क) आप रेखा यादव हैं। आप बी.एड. कर चुकी हैं, आपको महावीर स्कूल मानसरोवर में हिंदी अध्यापिका पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप लगभग 80 शब्दों में एक संक्षिप्त स्ववृत्त तैयार कीजिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

(ख) आपके बिजली के बिल में अधिक राशि आई है, जो पिछले महीनों से बहुत अधिक है। इसके लिए कार्यपालक अभियंता को बिजली के बिल संबंधी शिकायत करने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए।

15. (क) नाखूनों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नेलपॉलिश का विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। $1 \times 4 = 4$

अथवा

(ख) रक्षा–बंधन पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए अपने भाई को लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए।

www.nodia.in